# कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी
# विकासखण्ड-जगदलपुर जिला-बस्तर

email id - block.jdp@gmail.com Phone No. 07782 - 226877,221132


क्रमांक /2037/ वि.ख.शि.अ. / डी.एम.एफ. / 2022 जगदलपुर, दिनांक 31/03/2022

प्रति,

जिला सूचना अधिकारी
जिला बस्तर जगदलपुर

विषय :– ज्ञानगुडी योजना अन्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु आवेदन संबंधी जानकारी वेबसाईट में अपलोड करने बाबत्।

संदर्भ :– कार्यालय कलेक्टर, जिला–बस्तर, जगदलपुर के आदेश क्रमांक/आ0वि0/विविध/2021/4609/जगदलपुर, दिनांक 17.12.2021

—00—

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत जिला प्रशासन, बस्तर के द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान "ज्ञानगुड़ी" प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत वर्तमान में UPSC,CGPSC,VYAPAM, BANK,SSC,RAILWAY जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग कक्षाएं संचालित की जावेगी।

उपरोक्त वर्णित परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए विभिन्न विषयों के अध्यापन कार्य करने हेतु प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार जो कोचिंग कक्षाओं का अध्यापन कार्य करना चाहते है, वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पंजीकृत डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदलपुर मे प्रेषित कर सकते है आवेदन की अंतिम तिथि **09.04.2022** संध्या **05:00** बजे है विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | अध्यापन का विषय | अध्यापक संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक आहर्ता | अनिवार्य आहर्ता | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | • Genral Studies<br>• Genral Knowledge | 01 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय से स्नातक में न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण। | संघ लोक सेवा आयोग/राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा के प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (विगत 05 वर्ष के भीतर) | अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा एवं अंको की गणना में निम्नानुसार Weightage दिया जावेगा।<br>1. स्क्रीनिंग टेस्ट में प्राप्तांकों का 80 प्रतिशत अंक<br>2. साक्षात्कार का 20 प्रतिशत अंक |
| 2 | • Quantitative Aptitude<br>• Logical Reasonoing<br>• Data Interpretation | 01 | | | |
| 3 | • English Grammar<br>• Comprehension<br>• Verbal ability | 01 | | | |

श्री [illegible] तत्काल upload करवाएं।

d:\nitin\d\aadesh nnnnnn.docx

05/04/22

सेवा हेतु नियम एवं शर्त :–

1. उपरोक्त अध्यापन सेवा में मासिक मानदेय एकमुश्त 35000/– होगा। (मानदेय के अतिरिक्त किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।)
2. यह सेवा पूर्णतः अस्थायी होगी एवं दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना देते हुए किसी समय भी बिना कारण बताए अध्यापन कार्य से मुक्त किया जावेगा।
3. आवेदित पद हेतु अभ्यार्थियों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जावेगा।
4. स्क्रीनिंग टेस्ट के मेरिट संख्या के 1:10 में अभ्यार्थियों को साक्षात्कार सूची तैयार किया जावेगा।
5. इस सेवा में चयन हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष गणना दिनांक 01.03.2022 के आधार पर होगी।
6. उम्मीदवार को जन्म तिथि हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र/अंकसूची की प्रमाणित (स्वयं सत्यापित) छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य होगा।
7. उम्मीदवारों के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम, श्रेणी स्पष्ट एवं बड़े अक्षरो मे दर्शाना होगा।
8. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
9. आवेदन के साथ शैक्षणिक अर्हता अनुसार समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति स्वप्रमाणित प्रस्तुत करना होगा।
10. अभ्यर्थी यदि छ.ग. के मूल निवासी है, तो उन्हे प्राथमिकता दी जावेगी। छत्तीसगढी भाषा का ज्ञान आवश्यक है।
11. समिति के द्वारा समय–समय पर यदि नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है, तो इस विज्ञप्ति में लागू होगा।
12. प्रक्रिया के दौरान किसी भी विवाद अथवा समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
13. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो अध्यापन कार्य से मुक्त करते हुए संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
14. उम्मीदवार को संघ लोक सेवा आयोग या राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत मुख्य परीक्षा की प्रवेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।(प्रारंभिक परीक्षा विगत 05 वर्ष के भीतर उत्तीर्ण किया गया हो।)
15. अपूर्ण दस्तावेज पात्र/अपात्र की प्रकाशित सूची पर प्रथम दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि तक जमा किये जा सकेंगे।
16. लिखित परीक्षा/स्क्रीनिंग टेस्ट की तिथि एवं समय :– **18.04.2022 दोपहर 02:00 बजे से 04:00 बजे तक**
17. साक्षात्कार तिथि एवं समय :– **19.04.2022 प्रातः 11:00 बजे से साक्षात्कार समाप्ति तक**
18. परीक्षा का स्थान :– **निर्मल हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय जगदलपुर।**
19. आवेदन पत्र का प्रारूप बस्तर जिले के वेबसाईट **bastar.gov.in** देखा जा सकता है।
20. अद्यतन जानकारी के लिये जिले की वेबसाईट **bastar.gov.in** का नियमित अवलोकन करते रहें।

d:\nitin\d\aadesh nnnnnn.docx

टीप :— यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे आवेदित पद / कार्य के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते है। अतः आवेदन करने से पहले आवेदक अपने अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्हता पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी। इस संबंध में कलेक्टर बस्तर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

31/3/22

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड जगदलपुर

पृ0क्रमांक /2037/वि.ख.शि.अ. / डी.एम.एफ / 2022 जगदलपुर,दिनांक 31 / 03 / 2022

**प्रतिलिपि :–**

1. कलेक्टर, जिला बस्तर जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
6. जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

31/3/22

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड जगदलपुर

d:\nitin\d\aadesh nnnnnn.docx

(ज्ञानगुड़ी में अध्यापन कार्य हेतु)

## //आवेदन–पत्र प्रारूप//

नवीनतम पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करे

प्रति,

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
विकासखण्ड–जगदलपुर,
जिला–बस्तर

1. आवेदित अध्यापन विषय का नाम :– ..........................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
   (अंग्रेजी में) :– ..........................................
3. पिता / पति का नाम :– ..........................................
4. लिंग (महिला / पुरूष) :– ..........................................
5. जन्म तिथि (अंको में) :– वर्ष.................माह.................दिन.................
   (शब्दों में) :– ..........................................
   (दिनांक 01.07.2021 को आयु) :– ..........................................
6. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूरा पता :– ..........................................
   (दूरभाष / मोबाईल नं. व पिन कोड सहित) ..........................................
   ई–मेल आई.डी. ..........................................
7. क्या आपको किसी भी शासकीय / अर्धशासकीय ..........................................
   /अशासकीय कार्यालय से पूर्व में किसी भी तरह की अनियमितता के कारण पद से पृथक किया गया है। (हां / नहीं)
8. क्या वर्तमान में आप किसी शासकीय / अर्धशासकीय सेवा में कार्यरत है। (हां / नहीं)..........................
   यदि हां तो अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
9. शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता विवरण :–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | संस्था / बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | |

क्रमशः....02

10. प्रतियोगी परीक्षाओ संबंधी अनुभव (संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग प्रारंभिक/मुख्य/सारक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण) का उल्लेख।
11. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है, हां या नहीं ..........................................
(दस्तावेज संलग्न करें)

संलग्न :— सहपत्रों/दस्तावेजों का विवरण —

| | |
|---|---|
| 1.......................................... | 6.......................................... |
| 2.......................................... | 7.......................................... |
| 3.......................................... | 8.......................................... |
| 4.......................................... | 9.......................................... |
| 5.......................................... | 10.......................................... |

आवेदनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

**—:: घोषणा पत्र ::—**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैनें विज्ञापित सेवा की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरा/मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि असत्य पायी जाती है, तो मेरा/मेरी उम्मीदवारी/सेवा निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :— ..............................

दिनांक :— ..............................

आवेदनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर